नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में राज्य स्तरीय Pharmacology Quiz का आयोजन

एम्स पटना ने मारी बाज़ी, ईएसआईसी बिहटा को मिला तृतीय स्थान

बिहटा, अमहरा स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल (NSMCH) के फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज फार्माकोलॉजी क्विज़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एम्स पटना, पीएमसीएच, आईजीआईएमएस पटना, ईएसआईसी बिहटा, वीआईएमएस पावापुरी, आरडीजेएम तुर्की सहित राज्य के प्रमुख मेडिकल संस्थानों की टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में एम्स पटना के कुमार मंगलम और खितिज देसाई ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान आईजीआईएमएस पटना के शाहमा कौसर एवं प्रकाश आदित्य को मिला, जबकि ईएसआईसी बिहटा के सुप्रित रंजन एवं यशस्विनी सुमन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

समापन समारोह में संस्था के निदेशक श्री कृष्ण मुरारी, क्विज़ मास्टर डॉ. रवि गांधम (सहायक प्रोफेसर), तथा आयोजन सचिव डॉ. शिल्पी मिश्रा (सहायक प्रोफेसर, फार्माकोलॉजी विभाग) द्वारा विजेताओं को पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक श्री कृष्ण मुरारी ने कहा कि, "इस प्रकार के नवाचार आधारित कार्यक्रम मेडिकल छात्रों को ज्ञान के आदान-प्रदान का एक अद्वितीय मंच प्रदान करते हैं।"

कार्यक्रम में डीन डॉ. हरिहर दीक्षित, डॉ. इश्तियाक अहमद, प्रमुख संरक्षक डॉ. अरविंद प्रसाद, प्राचार्य डॉ. अशोक शरण, तथा अस्पताल अधीक्षक डॉ. यू.एन. सिंह समेत कई गणमान्यजन उपस्थित थे।